

हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना




dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 03 अंक–275 : जौनपुर, गुरुवार 10 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कासगंज में प्रत्यक्ष व बरेली में वर्चुअल रैली संबोधित करेंगे पीएम मोदी व मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 फरवरी को प्रदेश के पटियाली, कासगंज में प्रत्यक्ष रैली करेंगे। रैली में कासगंज, एटा, फर्रुखाबाद और बदायूं की 8 विधानसभाओं के लोग रैली स्थल से उनका संबोधन सुनेंगे। वहीं रैली में बरेली, हाथरस, फिरोजाबाद, एटा और फर्रुखाबाद की 18 विधानसभाओं के 89 स्थानों पर एलईडी प्रसारण के माध्यम से लोग उनका संबोधन सुनेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पटियाली में सभा को संबोधित करेंगे। जन चौपाल रैली की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री और पीएम रैली प्रभारी अनूप गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को होने वाली रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कासगंज की पटियाली विधानसभा के अशोकपुर, निकट सराय कुतकपुर, दरियाबाद रोड, पटियाली, कासगंज में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रत्यक्ष रूप से आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। जिसका वर्चुअल प्रसारण भाजपा के सभी सोशल मीडिया हैंडल्स से किया जाएगा। इस प्रत्यक्ष रैली में कासगंज जिले की कासगंज, अमांपुर व पटियाली विधानसभा के अन्य मण्डलों एवं एटा जिले की अलीगंज, एटा, और मारहरा विधानसभा तथा फर्रुखाबाद जिले की कायमगंज और बदायूं जिले की शेखुपुर विधानसभाओं में प्रत्यक्ष विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। रैली में बरेली की बहेड़ी, मीरगंज, नवाबगंज, फरीदपुर, बिथरी चौनपुर, बरेली शहर, और बरेली कैंट विधानसभाओं के सभी मंडलों में बड़ी स्क्रीन पर कार्यक्रम दिखाया जायेगा। इसके अलावा हाथरस की हाथरस, सादाबाद और सिकन्द्राराऊ में वर्चुअल रैली के प्रसारण के लिए प्रबंध किए गए हैं। फिरोजाबाद की टुन्डला, जसराना,



फिरोजाबाद, शिकोहाबाद व सिरसागंज विधानसभाओं में जनचौपाल रैली का प्रसारण को देखने के लिए व्यवस्था की गई है और फर्रूखाबाद की अमृतपुर व फर्रूखाबाद विधानसभाओं के सभी मंडलों में बड़ी स्क्रीन पर कार्यक्रम दिखाया जायेगा। इसके अलावा एटा जिले की जलेसर विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी भी किसी एक स्थान पर रैली में जुड़ेंगे। यहां पर कुल 89 सांगठनिक मंडलों में बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारण किया जाएगा। इन स्थानों पर कोरोना गाइड लाइन के आधार पर सोशल डिस्टेंसिंग के साथ 1 लाख से ज्यादा लोग सीधे जन चौपाल रैली का प्रसारण देखेंगे। इसके अतिरिक्त इन जिलों के 7147 बूथों पर शक्तिकेन्द्र, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, लाभार्थी और आम जन को टेलीविजन के माध्यम से भी रैली दिखाने का आग्रह किया गया है। बताया कि इसके अतिरिक्त जिन विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम होने हैं वहां के स्मार्टफोन धारकों को भी जन चौपाल रैली के लिंक भेज रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश भर से कार्यकर्ता और आमजन भी प्रधानमंत्री जी को विभिन्न माध्यमों से सुन सकेंगे।

## जयंत चौधरी का मतदान न करना वंशवादी अहंकार ये लोकतंत्र का अपमान : भाजपा अध्यक्ष

सीतापुर ब्यूरो : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सीतापुर के बिसवां में जनसभा को संबोधित करते हुए रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी पर निशाना साधा। कहा कि जयंत ने वंशवादी अहंकार के कारण वोट नहीं किया है। यह लोकतंत्र का अपमान है। ऐसे लोगों को जनता जरूर जवाब देती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो कि वंशवाद और परिवारवाद से पूरी तरह मुक्त है और राष्ट्रीय पार्टी है। कांग्रेस अब सिर्फ भाई–बहन की पार्टी बनकर रह गई है। नड्डा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में यूपी में 200 दंगे हुए थे जबकि योगी सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ है।



यूपी को हमने दंगामुक्त, माफियामुक्त और आतंकवाद से मुक्त बनाया है। फिर से सरकार बनने पर देवबंद, मेरठ, रामपुर, आजमगढ़, कानपुर और बहराइच में एंटी टेररिस्ट कमांडो सेंटर बनाएंगे।

## बेसिक शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा कल राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किए गए जनपद के दो शिक्षा अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद जौनपुर के लिए एक साथ दो बधाई के अवसर प्राप्त हुए हैं जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल व सिकरारा विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार यादव को शिक्षा में अभिनव प्रयोग व नवाचार करने हेतु न्यूपा द्वारा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित दोनों शिक्षा अधिकारियों को आज ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। सोनभद्र में डॉ गोरखनाथ पटेल द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर, नामांकन और शिक्षकों के बारे में रीयल टाइम डेटा प्रबंधन को बढ़ावा देने व अद्यतन डेटाबेस को बनाए रखने के लिए आईटी के उपयोग की सुविधा प्रदान की गयी। इसके माध्यम से शुरू की गई डेटाबेस निगरानी जो स्कूलों में डेटा गुणवत्ता और तुलनात्मक अध्ययन का विश्लेषण करने में सहायता करती है। छात्रों की सीखने की क्षमता में वृद्धि हुई। नवाचार के परिणामस्वरूप शिक्षा और प्रभावी प्रशासन के नीति संकेतकों को पूरा किया गया। वहीं करोना काल में जनपद जौनपुर में सिकरारा मॉडल के रूप में वालंटियर के माध्यम से बेसिक शिक्षा के हर बच्चे तक निर्वाध शिक्षा पहुंचाने तथा अभिनव पहल के माध्यम से बेसिक शिक्षा को एक नई पहचान देने एवं सामुदायिक सहयोग के माध्यम से परिषदीय



विद्यालयों की सुरक्षा संरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सिकरारा के खंड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव को सम्मानित किया गया। स्कूली शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये शिक्षित युवा जैसे ठज्ञ्, ठ.म्क., डठ।, प्ज्पंदे, नौकरी के इच्छुक और सेवानिवृत्त शिक्षक, पुराने छात्र, और शिक्षित ग्रामीणों को शिक्षण के लिए स्वयंसेवकों के रूप में चुना गया था। ज्ञात हो कि पूरे भारत मे यह पहला जनपद है जहां से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खण्ड शिक्षा अधिकारी दोनों एक साथ सम्मानित किए गए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने शिक्षा अधिकारी द्वय को बधाई देते हुए कहा कि यह पहला अवसर कि राष्ट्रीय स्तर पर एक जनपद के दो अधिकारियों को एक साथ सम्मानित किया जा रहा है, यह जनपद की बेसिक शिक्षा के लिए गर्व की बात है।

## जिलाध्यक्ष पुष्पराज ने किया तूफानी दौरा पांच मण्डल की बैठक : बूथ स्तर पर मजबूत बनाने पर की चर्चा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धनियामऊ मण्डल में भाजपा की बैठक मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन मजबूती, केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने समेत कई एजेंडों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एव पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारम्भ की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की बात कही। क्योकि ''बूथ जीता तो चुनाव जीता'' के मंत्र के साथ आगे बढ़े उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति हमेशा काम करते रहने की बात कहीं। उन्होंने संगठन मजबूती और कार्यप्रणाली पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी पार्टी का सबसे पहला उद्देश्य है प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर देश हित का कार्य करना उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओ से कहा कि शक्ति केंद्र टोली और बूथ टोली को सक्रिय करें क्योंकि यह टोली चुनाव में निर्णायक होगी अब असली लड़ाई तो बूथ पर होगी, सरकार के कार्य को गिनाएं और सकारात्मक चर्चा करें। हमें मंडल, शक्ति केंद्र, पन्ना प्रमुख व बूथ समिति को सक्रिय रखते हुए फुलप्रूफ बनाना है, बूथ प्रबंधन को तेज करना होगा। बिहार प्रदेश के विधायक संजय सिंह टाइगर ने कहा कि जो नये युवा मतदाता बने है उनसे भी सम्पर्क कर भाजपा के रीति नीति को समझाकर उनको भाजपा के पक्ष में करने का कार्य करें।



मोर्चा को सक्रिय करने की बात की क्योकि अगर हमारे मण्डल स्तर तक मोर्चा सक्रिय हो जायेगा तो 10 हजार वोट अपने पक्ष में ला सकते है। जनता पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी और 2017 से बड़ी जीत 2022 में होगी। उक्त अवसर पर मण्डल अध्यक्ष गण बलवीर गौड़, मण्डल महामंत्री दिनेश सिंह, सुरेंद्र पाठक, मण्डल उपाध्यक्ष संजय सिंह, मैन बहादुर यादव, मण्डल मंत्री शचीन्द्र सिन्हा, रामजीत उपाध्याय, नीरज सिंह, समस्त शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, समस्त बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## कद छोटा पर हौसला बड़ा अनिता का : बड़े बड़े प्रत्याशियों को टक्कर देने मैदान में उतरी छोटे कद की प्रत्याशी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में 7 मार्च को होने वाली मतदान के लिए 10 फरवरी से नामांकन शुरू हो गया है। नामांकन के पहले ही दिन एक ऐसी प्रत्याशी पर्चा खरीदने पहुँची जिसे देख कर सब दंग हो गए। ढाई फिट की महिला जब नामांकन स्थल पर पहुँची तो लोग हैरान होकर देखने लगे। गुरुवार दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय कौतूहल मच गया जब एक ढाई फीट की महिला विधानसभा चुनाव मैं अपनी उम्मीदवारी जताते हुए पर्चा लेने के लिए नामांकन कक्ष में पहुंच गई। अनिता ने बताया कि वो बदलापुर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगी जिसके लिए आज वो पर्चा खरीदने आई है। अनिता ने बताया कि उनका कद भले ही छोटा है पर दिमाग और हौसला बड़ा है।अनिता ने कहा कि जनता अगर



उन्हें मौका देती है तो अपने क्षेत्र का विकास करेंगी। फिलहाल अनिता ने पर्चा खरीद कर मैदान में ताल ठोक दिया है। इससे पूर्व भी अनीता जिला पंचायत के चुनाव में भी अपनी दावेदारी कर चुकी है।

## थाना मछलीशहर पुलिस नें तमन्चा व कारतूस के साथ एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान व आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के शांति व्यवस्था के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री अवनीश कुमार राय कुशल पर्यवेक्षण में उ0नि0 श्री धनन्जय कुमार राय मय हमराही कर्मचारीगण के देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध वाहनों /व्यक्तियों के दौरान मरीमाई सड़क पुलिया के पास बहदग्राम कोरमलपुर से अभियुक्त अविनाश दूबे उर्फ मन्नू पंडित पुत्र अनिल दूबे निवासी दुदौली थाना सिकरारा जनपद जौनपुर करीब 25 वर्ष को दिनांक 09.02.2022 संदिग्ध वाहनों /व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान संदिग्ध तरीके से घुमकर भागते समय पकड़ा गया तथा अभियुक्त की जामा तलाशी से उसके कब्जे से एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया, जिसकी गिरफ्तारी समय करीब 16.10 बजे की गयी । उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 49/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्याया0 के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभियुक्त– 1. अविनाश दूबे उर्फ मन्नू पंडित पुत्र अनिल दूबे निवासी दुदौली थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1.एक अवैध तमन्चा 315 बोर व एक




जिन्दा कारतूस 315 बोर अभियुक्त का आपराधिक इतिहास–1.मु0अ0सं0 67/19 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 55/20 धारा 147, 323, 406 भादवि थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 49/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना म0शहर जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री धनन्जय कुमार राय, थाना मछलीशहर जौनपुर। 2. हे0का0 बृजनाथ यादव, हे0का0 ओम प्रकाश प्रजापति, थाना मछलीशहर जौनपुर।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## निमन्त्रण देने जाना पड़ा भारी : बाइक चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुईथाकला थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम एक युवक को निमन्त्रण देने जाना उस समय भारी पड़ गया,जब उसकी बाइक चोरी हो गईद्यदेर रात तक काफी खोजबीन के बाद युवक द्वारा मामले में पुलिस को जानकारी दी गई है। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र के सरपतहां गांव निवासी यशवन्त यादव पुत्र लालमनि बुधवार की शाम बगल के गांव लालापुर में एक शादी में अपनी बाइक यूपी62–बी . बी–4471से निमन्त्रण देने गया थाद्यवापसी के लिए जब वह बाइक के पास पहुंचा तो उक्त नम्बर की हीरो होण्डा पैशन प्रो बाइक उस स्थान से नदारद मिली। बाइक न देख युवक सन्न रह गया। फिलहाल देर रात तक काफी खोजबीन के बाद युवक द्वारा मामले में पुलिस को जानकारी दी गई है।

## पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपितों को गुरुवार की सुबह क्षेत्र के कलापुर मोड़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों का चालान न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय के अनुसार गिरफ्तार किये गये वांछित कृष्ण कुमार यादव ग्राम शेरापट्टी थाना खुटहन और गुड्डू यादव ग्राम रसूलपुर थाना खुटहन के निवासी हैं। कृष्ण कुमार के विरुद्ध खेतासराय और बदलापुर थाने में गोवध निवारण अधिनियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं गुड्डू के विरुद्ध स्थानीय थाने में पशु क्रूरता समेत हत्या का प्रयास के मुकदमे दर्ज हैं। दोनों बदमाश गैंगस्टर एक्ट के वांछित चल रहे थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा हेड कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार सिंह, कांस्टेबल दिनेश सरोज, अमरनाथ यादव, संदीप कुमार यादव शामिल रहे।

## खड़ी ट्रक में घुसी बाइक : युवक घायल को किया गया जिला अस्पताल रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई मार्ग पर ब्लॉक मुख्यालय के निकट सड़क पर खड़ी ट्रक में बाइक सवार ने पीछे से घुस गया।गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार को डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है जहां हालत नाजुक बनी हुई है। भदोही जनपद के अभिया गाँव निवासी ओम तिवारी (21) पुत्र रमाकांत तिवारी नगर में भागवत कथा कहकर गुरुवार को बाइक से भोर में अपने घर लौट रहे थे। वह मछलीशहर जंघई मार्ग पर स्थित ब्लॉक मुख्यालय के सामने पहुंचे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बगल खड़ी ट्रक में घुस गई। घटना में उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। अगल बगल के लोगों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के परिजनों को जानकारी देते हुए और एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी भेजवाया। जहाँ चिकित्सक ने उनकी हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में अभी भी ओम की हालत नाजुक बनी हुई है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी नामांकन कक्ष एवं मीडिया मॉनिटरिंग सेल का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा निर्वाचन–2022 सकुशल, निष्पक्ष रुप से संपन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा सभी नामांकन कक्ष एवं मीडिया मॉनिटरिंग सेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण



के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन कक्ष में रिटर्निंग अफसरों से नामांकन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग एवं कोविड–19 के गाइडलाइन के शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। मीडिया मॉनिटरिंग सेल के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गया कि टी.वी. चौनलों की गहनता से निगरानी की जाए। सोशल मीडिया एक्सपर्ट प्रतीक उपाध्याय को सोशल मीडिया पर निगरानी करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश द्वारा सभी नामांकन कक्ष का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए नामांकन की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. संजय कुमार, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जो मौत से नहीं डरते, वही जीना जानते हैं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# चुनाव का नहीं अर्थव्यवस्था का रखा ख्याल

भारतीय राजनीति में अक्सर यह देखा जाता है कि बजट में चुनावी राज्यों का खास ख्याल रखा जाता है और बजट भाषण में लोक–लुभावन घोषणाएं की जाती हैं। बजट में लोक–लुभावन घोषणाओं का असर भी चुनावी नतीजे पर दिखता है। इसलिए इस बार जब उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, तो लोगों को उम्मीद थी कि इस बजट में चुनावी राज्यों पर खासा जोर रह सकता है और आम आदमी को खुश करने के लिए लोक–लुभावन घोषणाएं की जा सकती हैं।

उत्तर प्रदेश के चुनाव को तो वर्ष 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल भी कहा जा रहा है, क्योंकि केंद्र की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही गुजरता है। एक साल से ज्यादा समय तक दिल्ली की सीमा पर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के किसान अपनी मांग को लेकर धरने पर बैठे थे, ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि सरकार किसानों को खुश करने के लिए भी कुछ खास घोषणाएं करेगी। हाल के महीनों में पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ने से महंगाई में काफी वृद्धि हुई। महंगाई ने आम लोगों का जीना दूभर कर दिया है। इसके अलावा, लोगों को यह भी उम्मीद थी कि जिन लोगों पर महामारी का सर्वाधिक बुरा असर पड़ा है, उन सबको ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया जाएगा, ताकि लोगों को रोजगार मिल सके और उनकी आय मे बढ़ोतरी हो। साथ ही, कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य सेवा के लिए दर–दर भटकना पड़ा। ऐसे में उम्मीद थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी के लिए भी इस बार के बजट में अच्छा–खासा आवंटन किया जाएगा।

लेकिन इस बजट से ऐसा लगता है कि इसमें चुनावी नतीजे की परवाह नहीं की गई है, क्योंकि महंगाई और रोजगार के संकट का मुद्दा, जो लोगों को काफी सता रहा है, उसके बारे में कोई लोक–लुभावन घोषणा नहीं दिखती है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने महामारी से बुरी तरह प्रभावित अर्थव्यवस्था की नाजुक स्थिति का ध्यान रखते हुए काफी संयम से काम लिया है और एक जवाबदेहीपूर्ण बजट पेश किया है। ऐसा स्वाभाविक भी है, क्योंकि महामारी ने सिर्फ लोगों को ही प्रभावित नहीं किया है, बल्कि उसने अर्थव्यवस्था की भी रीढ़ तोड़ दी है, जिससे धीरे–धीरे उबरने की कोशिश हो रही है। वित्तमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में अमृत काल के आगामी पच्चीस वर्षों का ब्लू–प्रिंट पेश किया है, जो अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

इस बजट में प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर खास जोर दिया गया है, जिसमें सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह, ट्रांसपोर्ट, जलमार्ग औरलॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। इन क्षेत्रों में सरकार खर्च बढ़ाएगी, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे। यह अलग बात है कि वे नौकरियां कैसी होंगी और युवा उससे संतुष्ट होंगे या नहीं, यह प्रश्नचिह्न बना हुआ है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का वादा बरकरार रखा है, लेकिन उसे कानूनी दायरे में लाने संबंधी किसानों की मांगों के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। महंगाई, स्वास्थ्य सेवा आदि को लेकर भी कोई खास महत्वपूर्ण घोषणा इसमें नहीं है।

ढांचागत विकास व आर्थिक वृद्धि पर ध्यान

भारत का सकल घरेलू उत्पाद पिछले साल के 197 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 232 लाख करोड़ होने की उम्मीद है– यानी इसमें 35 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि। इस साल अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर 9.2 फीसदी, जबकि नॉमिनल वृद्धि दर, जो वास्तविक वृद्धि दर और मुद्रास्फीति का जोड़ होती है, 17.5 फीसदी बताई जा रही है। महामारी के कारण वर्ष 2020–21 के बदतर प्रदर्शन को देखते हुए यह बहुत ही प्रशंसनीय आंकड़ा है। जबकि अगले वित्त वर्ष में वास्तविक वृद्धि दर आठ से साढ़े आठ फीसदी और नॉमिनल वृद्धि दर 12 फीसदी आंकी जा रही है।

कर संग्रह में वृद्धि इस बजट का एक उल्लेखनीय पहलू है। पिछले साल के बजट में कर संग्रह का लक्ष्य 22.17 लाख करोड़ रुपये था, जिसे संशोधित कर 25.16 लाख करोड़ किया गया–यानी तीन लाख करोड़ की वृद्धि। लेकिन कुल कर संग्रह इससे अधिक–यानी 26.13 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। कर संग्रह के संशोधित आकलन में भी सरकार ने एक से डेढ़ लाख करोड़ की कमी दिखाई है। अगर सरकार ने सही आंकड़े रखे होते, तब शायद वह राज्यों को कुछ अधिक फंड आवंटित कर पाती या इससे करदाताओं को थोड़ी राहत दी जा जा सकती थी। मौजूदा वित्त वर्ष का विनिवेश लक्ष्य 1.75 लाख करोड़ था, जिसे संशोधित लक्ष्य में घटाकर 78,000 करोड़ रुपये किया गया। अगले वित्त वर्ष में सरकार ने विनिवेश का लक्ष्य जान–बूझकर कम यानी 65,000 करोड़ रखा है।

इस साल सार्वजनिक उपक्रमों और रिजर्व बैंक से लाभांश के मोर्चे पर 143 करोड़ की प्राप्ति की उम्मीद है। हालांकि अगले साल इसके घटकर एक लाख करोड़ रह जाने की आशा है। इस साल 32.46 लाख करोड़ के खर्च का लक्ष्य था, जिसे बाद में बढ़ाकर 34.4 लाख करोड़ किया गया। यानी 3.23 लाख करोड़ की पूरक मांग के बावजूद एक लाख करोड़ की बचत होगी। पिछले बजट में सरकार ने बाजार से उधारी का लक्ष्य 12.05 लाख करोड़ रखा था, जिसे बाद में घटाकर 10.46 लाख करोड़ कर दिया गया। हालांकि आगामी वित्त वर्ष में खर्च बढ़कर 14.95 लाख हो जाने की उम्मीद है। अगले साल का बजट दिलचस्प है, क्योंकि इसमें कर संग्रह का लक्ष्य 27.57 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। जबकि प्रत्यक्ष कर में वृद्धि को देखते हुए कर संग्रह में एक से डेढ़ लाख करोड़ की बढ़ोतरी हो सकती है।

विनिवेश और लाभांश के मोर्चे पर भी सरकार को लक्ष्य से ज्यादा की प्राप्ति हो सकती है। अगले साल कर राजस्व में वृद्धि का आंकड़ा जान–बूझकर कम रखा गया है। बुनियादी

ढांचे, सामाजिक क्षेत्र, आवासन, पेयजल और स्वास्थ्य पर फोकस को देखते हुए 35.08 लाख करोड़ के खर्च का लक्ष्य भी कम ही लगता है। सरकार के वित्तीय आंकड़े अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बताते हैं, जिसमें कर राजस्व में वृद्धि दिखती है। बजट में पूंजीगत खर्च में 35.4 फीसदी की वृद्धि है। इस साल वित्तीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 6.9 फीसदी रखा गया है, लेकिन कर संग्रह में वृद्धि के कारण वित्तीय घाटा इससे कम ही रहेगा। जबकि अगले साल के वित्तीय घाटे का लक्ष्य और भी कम यानी 6.4 फीसदी है। दरअसल सरकार को पता है कि अगले साल कर संग्रह में वृद्धि होने वाली है।

उसने खाद्यान्न पर सब्सिडी का खर्च कम रखा है, क्योंकि मुफ्त अनाज वितरण की विशेष योजना आगामी 31 मार्च को खत्म हो जाएगी। बजट की तारीफ की जानी चाहिए, क्योंकि इसमें ढांचागत विकास और आर्थिक वृद्धि पर विशेष ध्यान है। बजट में सबसे हताश करने वाली बात यह है कि लंबे समय से जूझ रहे मध्यवर्ग को न तो कर में छूट दी गई, न ही इसका ध्यान रखा गया कि कठिन समय में उसके हाथ में ज्यादा पैसे आएं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद के प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश बने अमित कुमार शुक्ला

आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद ने हिंदू अमित कुमार शुक्ला को उत्तर प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि श्री शुक्ला तन मन से पूरे विश्व में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। श्री शुक्ल के मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद हिंदू देव प्रकाश शुक्ला, राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला, राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा, राष्ट्रीय शासन प्रभारी श्यामानंद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुलकित आनंद, राष्ट्रीय प्रभारी अजय गोस्वामी, हिंदू पंडित हृदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सलाहकार बलराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव संस्कृति प्रकोष्ठ मनोज पाठक



हिन्दू अनुराग तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू प्रशांत नीलकंठ अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपिका मिश्रा उत्तर प्रदेश प्रभारी दीपिका वर्मा सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी लोगों ने आशा व्यक्त की कि श्री शुक्ला संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## बेरोजगारी के कारण आत्महत्या की बढ़ती घटनाएँ चिंताजनक : मारुत सिंह

आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश के माननीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा राज्यसभा मे एक प्रश्न के उत्तर मे दिये आंकड़ो के अनुसार इस देश मे तीन वर्षो (वर्ष 2018, 2019 व वर्ष 2020) मे कुल 25231 लोग बेरोजगारी व दिवालियापन के कारण आत्महत्या कर चुके हैं, जिसमे सिर्फ बेरोजगारी के कारण इन तीन वर्षो मे आत्महत्या करने वाले युवाओ की संख्या 9140 है! ये आकडे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व चिंताजनक भी है! हम सभी को एक समाज के तौर पर देश हित मे ये चिंता करने की बेहद जरूरत है कि जो देश युवाओ का देश कहकर पुकारा जाता है, उसी देश मे युवा बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने को विवश है! देश मे बेरोजगारी एक राष्ट्रीय आपदा बन चुका है जिसके बारे मे हमे बतौर युवा चिंता करनी चाहिए! केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दिये गये आँकड़े के अनुसार, ग्रामीण इलाको मे रोजगार की सबसे बड़ी केंद्रीय योजना मनरेगा मे काम माँगने पर भी 1.89 करोड़ लोगो को काम नही मिल पाया! ये आँकड़े वित्त वर्ष 2020 से वर्ष 2021 तक के है! बेरोजगारी का डेटा जारी करने वाली संस्था सेंटर फार मानिटरिंग इंडियन ईकोनॉमी (सीएमआईई) के ताजा आँकड़ो के मुताबिक, दिसंबर 2021 के दौरान देश मे बेरोजगारों की कुल संख्या 3.18 करोंड़ है! 95: बेरोजगारो की उम्र 29 वर्ष से कम है! देश मे कुल 1.18 करोंड़ ग्रेजुएट बेरोजगार है! राज्यसभा सत्र के दौरान एक प्रश्न के उत्तर मे कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय मे राज्यमंत्री डा जितेंद्र सिंह द्वारा एक प्रश्न के जवाब मे दिये गये उत्तर के क्रम मे बताया गया कि 01 मार्च 2020 तक केंद्र सरकार के अधीन सभी विभागो मे कुल रिक्त पदो की संख्या 8,72,243 है, जो अब तक बढ़ कर और अधिक हो चुका है! इसी प्रकार राज्य सरकारो के अन्तर्गत विभिन्न विभागो मे लाखो की संख्या मे रिक्त पद है परंतु इन रिक्त पदो को भरने के क्रम मे सरकारो की उदासीनता बेहद निराशाजनक है! जबकि इन पदो के खाली रहने से सभी सरकारी विभागो के कार्यशक्ति पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है! केंद्र सरकार हो या विभिन्न प्रदेशो मे विभिन राजनीतिक दलो द्वारा शासित सरकारे हो, इन सभी के द्वारा इन रिक्त पदो को भरने की जिम्मेवारी का निर्वहन ना करना बेहद अफसोसजनक है! लगातार पेपर लीक का मामला हो , या भर्ती बोर्डो व आयोगों के भ्रष्टाचार व लेटलतीफी का मामला हो, इन सब वजहो से युवा मानसिक अवसाद मे है! उत्तर प्रदेश मे एक आयोग है उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग जिसके अन्तर्गत वर्ष 2015 से लेकर अब तक विज्ञापित कुल 21 भर्तीया लंबित है! वर्ष 2016 मे विज्ञापित हुई कनिष्ठ सहायक व आबकारी सिपाही भर्ती 5 वर्ष बाद भी अब तक ना पूरी हो सकी है, ये तो उदाहरण मात्र है अनेको ऐसे मामले देश व प्रदेशो मे हैं! जब युवा योग्य व प्रतिभावान होने के बावजूद लगातार इस प्रकार आयोगों के भ्रष्टाचार व सुस्त कार्यप्रणाली से लगातार वर्षो वर्षो तक प्रताड़ित होता रहता है तो वे मानसिक अवसाद के शिकार हो जाते है, जो आगे चलकर आत्महत्या का कारण बनता हैं!

# कुल दाखिल 77 नामांकन पत्रों में 45 के नामांकन पत्र स्वीकृत तथा 32 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र किये गये अस्वीकृत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 को जनपद के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के कुशल निर्देशन में सभी विधान सभाओं के नामांकन कक्ष में रिटर्निंग आफिसरों द्वारा विभिन्न राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा किये गये नामांकन की जॉच कर स्वीकृत/अस्वीकृत प्रत्याशियों की सूची जारी की गयी है, जो इस प्रकार है। 187–विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र इसौली से कुल 15 नामांकन पत्र दाखिल किये गये थे, जिनमें जॉच के उपरान्त 09 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये तथा 06 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत किये गये हैं। 188–सुलतानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 14 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किये गये थे, जिनमें जॉच के उपरान्त 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये तथा 04 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत किये गये। 189–सदर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 14 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किये गये थे, जिनमें जॉच के उपरान्त 08 प्रत्याशियों के




नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये तथा 06 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत किये गये हैं। 190–लम्भुआ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 20 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किये गये थे, जिनमें जॉच के उपरान्त 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये तथा 09 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत किये गये हैं। 191– कादीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 14 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किये गये थे, जिनमें जॉच के उपरान्त 07 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये तथा 07 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत किये गये हैं। इस प्रकार विभिन्न राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा कुल 77 नामांकन दाखिल किये गये गये थे, जिनमें से कुल 45 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये तथा 32 नामांकन अस्वीकृत किये गये हैं।

## निर्वाचन–2022 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु वल्नरेबल व संवेदनशील मतदान केन्द्रों का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : 191–विधान सभा कादीपुर(अ0जा0) हेतु नियुक्त मा0 प्रेक्षक वी0 सरवानन द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 को शांतिपूर्ण, सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु वल्नरेबल व संवेदनशील मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय कादीपुर कला (बूथ संख्या–108, 109), राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय कादीपुर कला (बूथ संख्या–103, 104, 105), जूनियर हाईस्कूल कटसारी कादीपुर (बूथ संख्या–91, 92, 93) तथा प्राथमिक विद्यालय कटसारी कादीपुर 1 व 2 (बूथ संख्या– 94, 95) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 191–कादीपुर(अ0जा0) का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत आवश्यकताओं (पेयजल, रैम्प, शौंचालय, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर आदि) का मा0 प्रेक्षक द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप अब तक की गयी तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों से निर्भीक एवं निडर होकर शत–प्रतिशत मतदान करने की



अपील की और कहा की मतदान करना आप सब का संवैधानिक अधिकार है। किसी के बहकाने, फुसलाने में न आयें, देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये स्वयं मतदान केन्द्र जाकर मतदान करें। मा0 प्रेक्षक द्वारा इसके पूर्व में कलेक्ट्रेट में बनाये गये 191–विधान सभा कादीपुर के नामांकन कक्ष में बैठकर विभिन्न प्रत्याशियों के दस्तावेजों का अवलोकन किया गया।

# कवि शर्मा व झूरिया ने ओडिसा के राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल को अभियान पर लिखित पुस्तक की भेंट

सालासर देश की उपासना –: बेटा पढ़ाओ– संस्कार सिखाओ अभियान के सक्रिय सदस्य फिल्म डायरेक्टर मनोज मन्नू परदेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि ओडिसा के राज्यपाल गणेशीलाल राज भवन भुवनेश्वर के सालासर आगमन पर सालासर स्थिति श्री बालाजी गौशाला में अभियान के सयोंजक कवि हरीश शर्मा एवं सह–सयोंजक आकाश झुरिया के द्वारा अभियान पर लिखित पुस्तक भेंट करते हुए अभियान द्वारा किये जाने वाले आगामी कार्यो को लेकर चर्चा की। इस दौरान राज्यपाल गणेशीलाल ने कवि शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि यह एक सराहनीय पहल है। शिक्षा के साथ–साथ संस्कारों का होना अतिआवश्यक है। इस अवसर पर कमल किशोर पुजारी, श्री बालाजी गौशाला के अध्यक्ष रविशंकर पुजारी, उप तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर, सूर्यकांत पुजारी, मनोज मिश्रा, अरुण पुजारी, अभियान संयोजक कवि हरीश शर्मा, सह–संयोजक आकाश झुरिया, फिल्म डायरेक्टर मनोज मन्नू परदेशी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। अभियान पर बनी शार्ट फिल्म ''मेरा हीरो'' के आने वाले अगले एपिसोड को लेकर की चर्चा –: बालाजी गौशाला समिति के अध्यक्ष रविशंकर पुजारी एवं सालासर उप तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर ने बेटा







पढ़ाओ– संस्कार सिखाओ अभियान के सयोंजक कवि हरीश शर्मा एवं सह–सयोंजक आकाश झुरिया से अभियान पर बनी शॉट फिल्म 'मेरा हीरो'' के अगले एपिसोड को लेकर चर्चा की। चर्चा के दौरान उप तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर ने अभियान टीम सदस्यों द्वारा किये जा रहें कार्यो की सराहना की। इसी कड़ी में मन्दिर कमेटी के सुभाष पुजारी, सुरेश पुजारी, सोनू पुजारी, विजय पुजारी, अमित पुजारी, रघुवीर गुर्जर को भी अभियान पर लिखित पुस्तक भेंट की गई।

# 20 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई में कर सकते हैं चुनावी सभा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने प्रदेश नेतृत्व को विधानसभा प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओ की भारी मांग पर चुनाव में पार्टी के प्रचार को स्टार प्रचारकों की सूची भेजी है। चुनावी नैया पार कराने के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की मांग बढ़ी है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक ने बताया सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य डॉक्टर दिनेश शर्मा आदि नेताओं की मांग की गई है। चुनाव संचालन समिति जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने क्षेत्रवार नाम तय किए है। प्रदेश से किन किन स्टार प्रचारकों का कार्यक्रम जिले को मिलेगा, यह तय होना अभी बाकी है। विधानसभा सवायजपुर में रक्षामंत्री रुराजनाथऋसिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, सांसद राजवीर सिंह, गठबंधन दल निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद। शहाबाद विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, केंद्रीय मंत्री सांसद कौशल किशोर और उन्नाव सांसद साक्षी महाराज सदर विधानसभा,हरदोई से प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी गोपामऊ विधानसभा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश सरकार मंत्री अनिल राजभर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व सांसद जगदंबिका पाल, मंत्री प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक सांडी विधानसभा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ब्रजेश पाठक बिलग्राम मल्लावा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, अपना दल अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, उन्नाव सांसद साक्षी महाराज बालामऊ से प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री दिनेश ार्मा, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार महेंद्र सिंह और निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद संडीला विधानसभा से केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा और ब्रजेश पाठक मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की सभा का प्रस्ताव है। स्टार प्रचारकों में मनोरंजन जगत और भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार भाजपा नेता निरहुआ की सभी विधानसभाओं में भारी मांग की गई है।

# भाजपा को मिल रहे सर्व समाज के समर्थन से अलकासिंह अर्कवंशी का पलड़ा भारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : संडीला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अलकासिंह अर्कवंशी का क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घर–घर पहुंचने से उनकी जीत के आकड़ों में निरन्तर प्रगति होती जा रही है । भाजपा प्रत्याशी अलकासिंह अर्कवंशी का जनसम्पर्क के दौरान गांवों में बुजुर्गों समेत गांव की महिलाओं व युवाओं से जीत का आशीर्वाद हासिल करने का सिलसिला मतदाताओं को सीधे भाजपा के पक्ष में ही मतदान करने को प्रभावित कर रहा है जिससे वर्तमान में अन्य राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के चुनावी समीकरण बिगड़ने से प्रतिद्वंद्वी विपक्षी दलों में मायूशी नजर आने लगी है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में मोदी और योगीजी की लोकप्रियता बढ़ने की वजह से गांवों में अलकासिंह अर्कवंशी के विधायक बनने की चर्चा बहुत तेज हो गई है । जनता से जीत का आशीर्वाद प्राप्त करती हुई भाजपा प्रत्याशी अलकासिंह अर्कवंशी ने एक भेंटवार्ता में कहा कि भाजपा ने संडीला विधानसभा क्षेत्र में संपूर्ण जनता के विश्वास एवं आत्मबल पर भरोसा करते हुए बेहतर प्रतिनिधित्व के लिए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने मुझको टिकट दिया है जिसका सम्पूर्ण श्रेय सण्डीला विधानसभा क्षेत्र की सम्पूर्ण जनता को जाता है संडीला विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरी अभिभावक के रूप में है इसलिए मैं सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अभिनन्दनीय आभार प्रकट करती हूँ । उन्होंने कहा कि भाजपा ने संडीला विधान



विधानसभा की जनसेविका बनाकर बहुत ही रहमदिली ऐतिहासिक परिचय दिया है सण्डीला क्षेत्र हमेशा से गंगा जमुना की तरजीब के रूप में भाईचारे की अद्भुत मिसाल को संजोये रखने के लिए मैं सभी को आश्वस्त करती हूँ कि कभी किसी जाति धर्म सम्प्रदाय के नाम पर कोई नाइंसाफी व भेदभाव नहीं करूंगी तथा सबका साथ सबका विकास की दिशा में रात–दिन जनता की सेवा में तत्पर रहूंगी। और सबका साथ सबका विकास की भावना से गरीबों, असहायों, किसानों, छात्रों, व्यापारियों, नौजवानों, बेरोजगारों व महिलाओं के हित में बेहतर जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने का पूरा प्रयास करूंगी । सण्डीला विधानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण ऐतिहासिक विकास कराना मेरा सपना है। मैं क्षेत्र की जनता से अपील करती हूँ कि 23फरवरी को चहुंमुखी विकास के लिए मुझको अपनी बहू या बेटी समझकर कमल वाले खाने की बटन दबाकर अपना फर्ज निभा देना मै आपके इस फर्ज का एहसान जीवन भर नहीं भूलूंगी।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था एनसीआर नें शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय सैनिक संस्था एनसीआर के संयोजक राजीव जोली खोसला ने आज अरुणाचल प्रदेश में रविवार को बर्फीले तूफान की चपेट में आए सात भारतीय नौजवान शहीदों को श्रद्धांजलि दी कुदरत का करिश्मा बर्फीले तूफान के रूप में इन जवानों को बर्फ की सफेद चादर के अंदर हमेशा के लिए सुला गया यह भारतीय नौजवान भारत की रक्षा करते हुए शहीद हो गए पता चला है कि शहीद राकेश कुमार हिमाचल प्रदेश कांगड़ा का रहने वाला



है वाह 26 वर्ष मेंशहीद हो गया 8 साल पहले 19 जेकेएफ राइफल सेना में भर्ती हुए थे वह 4 महीने पहले ही वह पिता बने थे15 महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी यह सुन कर पूरा गांव शौक मैं डूब हो गया राष्ट्रीय सैनिक संस्था शहीद हुए सातों भारतीय जवानों को नम आंखों से श्रद्धांजलि पेश की व सरकार से मांग करती है कि इनशहीद परिवारों का ध्यान रखा जाए सहता राशिशीघ्र दी जाए श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रीना सिंह, अखिलेश दुबे , अंगद ,राजीव जोली खोसला,धर्मेंद्र,शोभा जी ,ममता जी,हरजीत कौर ,निशा जी ,निर्मल कौर,शामिल थे।

# 11 को महिलाएं स्कूटी रैली के माध्यम से मतदान करने हेतु करेंगी जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है मतदाताओं को जागरूक करने की कवायद भी तेज होती जा रही है। स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में 11 फरवरी को स्थान इंग्लिश क्लब (अम्बेडकर तिराहा से आगे) से समय प्रातः 10 बजे महिलाएं स्कूटी रैली के माध्यम से मतदाताओं को 7 मार्च को मतदान करने हेतु जागरूक करेंगी। रैली सदभावना पुल तक जायेंगी। इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल की अध्यक्षता में उनके कक्ष में तैयारी बैठक हुई। जिसमें डा गोरखनाथ पटेल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महिलाएं पिंक कपड़े पहन कर, हेलमेट, मास लगाकर स्कूटी रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित करेंगी। आगे उन्होंने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करने से ही लोकतंत्र के महापर्व में योगदान दिया जा सकता है। इसलिए सभी महिला पुरुष दिव्यांग मतदाता अपना कर्तव्य निभाते हुए आगामी 7 मार्च को मतदान जरुर करें। डी सी प्रशिक्षण सुरेश पाण्डेय ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के गठन के लिए सभी मतदाताओं की



भागीदारी आवश्यक है, इसलिए प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार के कर्तव्य को निभाते हुए अपना वोट जरुर करें। स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि जनपद के जेंडर रेशियों में काफी बढ़ोत्तरी हुई है, अब सभी मतदाताओं विशेषकर महिलाओं की जिम्मेदारी है कि स्वयं मतदान करें तथा अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित करें। इस अवसर पर परिसर में मतदाता जागरूकता सेल्फी प्वाइंट का शुभारंभ हुआ। जिसपर लोगों ने खूब फोटो खींचाकर मतदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजू सिंह, एसआरजी डा अखिलेश सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, ममता श्रीवास्तव, विजय लक्ष्मी यादव, ममता सरकार, सीमा सिंह, नीतू सिंह, मीरा देवी, आदि उपस्थित रहे।

# मां–बाप से दूर दो नवजातों को एसएनसीयू में मिला प्यार : शिशुओं की जरूरतों को पूरा करने के साथ कर रहे उपचार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खून के रिश्तों में अपने कहलाने वालों ने जब साथ छोड़ दिया तो एसएनसीयू ने एक परिवार की तरह अपना लिया। यह कहानी है उन दो नवजात की जो जिले के अलग–अलग इलाके में लावारिश हालत में मिले। एसएनसीयू प्रभारी डॉ संदीप सिंह ने बताया कि वर्तमान में दो नवजात यहां भर्ती हैं। इसमें एक बच्ची 20 जनवरी को जलालपुर में एक नहर के पास मिली थी जबकि दूसरा नवजात 29 जनवरी को खुटहन ब्लॉक के उंगली गांव से लाया गया। इस केंद्र में बेहतर साफ–सफाई रखी जाती है। स्वीप्रेस कंचन गुप्ता तथा वार्ड आया डिम्पी सिंह उन्हें दूध पिलाने से लेकर एक मां जैसी सारी जिम्मेदारियां निभाती दिखती हैं। दोनों थोड़ी–थोड़ी देर पर बच्चों के पास जाती रहती हैं और तुरंत साफ–सफाई कर देती हैं। नवजात की जरा सी रोने की आवाज आई तो गोद में लेकर दूध पिलाने लगती हैं। अब तो यहां के स्टाफ के बच्चे इस शिशुओं के साथ खेलना चाहते हैं। उनके मम्मी–पापा के बारे में पूछते हैं। डाटा एंट्री ऑपरेटर पूनम पाठक की बेटी लवी इन दोनों से खेलना चाहती है। जब–तब उनके पास पहुंच कर बात करने का प्रयास करती है लेकिन यह नवजात अधिकांश समय सोते रहते हैं। पूनम की बेटी स्टाफ नर्सों से उनके मम्मी–पापा के बारे में पूछती रहती है। कहती हैं कि बड़ी हो जाने पर उनके साथ खेलेगी। एक बार पूनम ने कह दिया कि मैं उसकी मम्मी हो जाऊंगी तो वह गुस्सा हो गई। 30 नवजातों की हुई परवरिश नोडल अधिकारी डॉ. संदीप सिंह बताते हैं कि लावारिस मिलने वाले ज्यादातर नवजात यहां पर "चाइल्ड लाइन" के माध्यम से आते हैं। शुरू में ऐसे बच्चे बहुत कम मिलते थे अब हर वर्ष 12 से 15 ऐसे नवजात आ जाते हैं। उन्हें स्वस्थ बनाने में डॉ एमके गुप्ता और डॉ दीपक जायसवाल का भी सहयोग रहता है। यहां आने पर उनके इलाज से लेकर कपड़ा और दूध सभी का



खर्च एसएनसीयू ही उठाता है। ऐसे एक नवजात की परवरिस में प्रतिदिन औसतन 150 से 200 रुपये तक का खर्च आता है। स्वस्थ हो जाने पर बाल संरक्षण गृह से सम्पर्क कर उन्हें बाल संरक्षण अधिकारी को सौंप दिया जाता है। जहां से वह बाल संरक्षण गृह बलिया आदि अन्य जगहों पर अच्छे स्वास्थ्य एवं जीवन प्रबंधन के लिए भेज दिए जाते हैं।

# विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु कार्मिकों का प्रशिक्षण दो पालियों में प्रारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का प्रशिक्षण दो पालियों में प्रारंभ हुआ। प्रत्येक पाली में कुल 1350 पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम पाली में कुल 17 पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग 13, माध्यमिक शिक्षा विभाग 03, जिला पंचायत राज अधिकारी 01, एसएसके–36 से 01, लेखा परीक्षक 01, द्वितीय पाली में कुल 17 अनुपस्थित पाए गए पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी है, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग 09, माध्यमिक शिक्षा विभाग 04, डीपीआरओ 02, एसएसके–36 के 01, लेखा परीक्षक 01 है। इस प्रकार कुल 2700 मतदान कार्मिको में से 34 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु विभागाध्यक्ष को सूची उपलब्ध करा दी गई है।जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा टीडी कॉलेज में भ्रमण कर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा गया तथा कमरों में प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को प्रशिक्षित भी किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्मिकों को पीपीटी में बताए गए निर्देशों को आत्मसात करके ईवीएम तथा वी0वी0पैट के प्रयोग में क्या सावधानियां बरती जाए के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि सभी लोग आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरसः पालन करेंगे तथा जिन बूथों पर ड्यूटी लगेगी वहां पर निष्पक्ष मतदान कराएंगे। यदि किसी भी कार्मिक द्वारा आयोग के निर्देशों की अवहेलना की जाती है तथा निष्पक्ष



मतदान में बाधा उत्पन्न की जाती है तो उनके विरुद्ध आयोग द्वारा निर्धारित दंड की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी कार्मिकों को अपने आवंटित कमरों में हैंड टू हैंड ट्रेनिंग लेने के उपरान्त प्रांगण में रखे गए मशीनों से भी हैंड टू हैंड ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। जिन कार्मिकों को बूस्टर डोज लगना था उन्हें बूस्टर डोज लगवाने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए तथा जिनका सेकंड डोज ड्यू है उन्हें सेकंड डोज लगवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों से अपील किया कि कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए सुरक्षित, निष्पक्ष, भयमुक्त, मतदान सम्पन्न कराये। प्रशिक्षण के समय प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, सहायक प्रभारी कार्मिक अधिकारी/जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट हिमान्शु नागपाल, सिटी मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, जिला विद्यालय निरीक्षक रामकुमार पण्डित, एसओसी, जिला उद्यान अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना जलालपुर जौनपुर का किया गया वार्षिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक–10.02.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, डां संजय कुमार द्वारा थाना जलालपुर जौनपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की बैरिक, शस्त्रागृह, कार्यालय के अभिलेख, हवालात, महिला हेल्पडेस्क व थाना इमारत का जायजा लिया गया एवं थाने पर अधिकारी/कर्मचारीगण के द्वारा शस्त्रों को खोलवाया गया और साफ–सफाई की चेकिंग की गयी। शस्त्रों की साफ–साफाई हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही हिस्ट्रीशीटरों व सक्रिय अपराधियों की चेकिंग तथा रजिस्टर में प्रविष्टि अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी क्रम में आगामी चुनाव के दृष्टिगत क्रिटिकल/बल्नरेबल मतदान केंद्रों का भ्रमण किए जाने व अराजक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# 7 वर्षीय बालिका के साथ घिनौनी हरकत करने की कोशिश : भाग कर बचाई अपनी जान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के छतौरा गांव में सोमवार शाम एक दलित परिवार की बच्ची शिवानी पुत्री सतीश कुमार 7 वर्ष निवासी छतौरा थाना सरायख्वाजा, ने अपने दादी उर्मिला के साथ घास काटने के लिए खेत में गई थी, इसी दौरान एक मुस्लिम समुदाय के लेधई पुत्र रसूल 40 वर्ष निवासी पोटरिया थाना सरायख्वाजा। शिवानी ने बताया कि लेधई ने हमें बगल वाली खेत में बुलाया मैं चली गई तब व्यक्ति द्वारा बच्ची के साथ घिनौनी हरकत करने का प्रयास किया गया। बच्ची ने शोर शराबा मचाते हुए भागकर अपने दादी उर्मिला के पास आयी, तो दुष्कर्मी वहां से भाग खड़ा हुआ। इसकी शिकायत जब परिजनों ने व्यक्ति के घर जाकर शिकायत करना किया तो पीड़ित परिजन को ही भद्दी – भद्दी गाली फक्कड़ देकर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। तब विवश हो कर परिजन ने इसकी शिकायत डायल 112 पर अपनी आप बीती बताया। मौके पर पुलिस प्रशासन पहुँच कर जांच पड़ताल किया। परिजनों का आरोप है कि अभी तक कोई सुनवाई नही हुई। वहीं थानाध्यक्ष देवानन्द रजक ने बताया कि अभी इसकी कोई जानकारी नहीं है जानकारी मिलती है तो कार्रवाई जरूर की जाएगी।

# घोषणा पत्र अर्थव्यवस्था को नंबर वन बनाने का संकल्प पत्र हैः पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आज मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जन कल्याण संकल्प पत्र के रुप मे जारी किया। भारतीय जनता पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले गृह अमित शाह लखनऊ पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में घोषणा पत्र को जारी किया। घोषणा पत्र जारी होते ही चुनावी सरगर्मियां काफी तेज हो गयी हैं।भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र को मीडिया को बताया कि यह घोषणा पत्र नही बल्कि संकल्प पत्र है। प्रदेश को भयमुक्त, गरीबों की सेवा, विकास की गति को प्रदेश में और तेज करने का, सबका साथ सबके विकास, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा, आधुनिक विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं से युक्त मेडिकल कालेज बनाने का, बहन–बेटियों से लव जिहाद करने वालों को कम से कम 10 साल की सजा दिलाने और प्रदेश के हित के लिए इसमे संकल्प लिए गये हैं। उन्होने कहा जो संकल्प भारतीय जनता पार्टी लेती है उसे पूरा भी करके दिखाती है। यह आप सभी ने पिछले पाँच सालों में देखा भी है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद व लोगों के अपार स्नेह से भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत से प्रदेश में पुनः सरकार बना रही है।

# बसपा नेता विनय कश्यप ने मोहनलालगंज क्षेत्र में किया जन सम्पर्क

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ के सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र–मोहनलालगंज के ग्राम सभा– महुराकला, गोमीखेड़ा, कुतुबपुर, महमदपुर,गढ़ी, नारायनपुर, बस्तिया में नुक्कड़ बैठक करते हुए देवेन्द्र कुमार पासी को



विधानसभा क्षेत्र– मोहनलालगंज का विधायक बनाने के लिए अपील की गई जिसमें विनय कुमार कश्यप एडवोकेट (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा), राकेश कुमार गौतम (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा) एवं अमित कुमार पटेल/सोनू पटेल(विधानसभा संयोजक मोहनलालगंज) उपस्थित रहे।

## कैंट विधानसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी राजू गांधी के चुनाव कार्यालय का किया गया शुभारंभ

आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव जी के दिशा निर्देश का पालन करते हुए आज कैंट विधानसभा के प्रत्याशी राजू गांधी के कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मुर्तजा अली पूर्व राज्य मंत्री



हरपाल सिंह जग्गी जी के साथ पहुंचकर जीत की अग्रिम मुबारकबाद दिया इस मौके पर उनके साथ कैंट विधानसभा के अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव जी नगर उपाध्यक्ष अमन मिश्रा नगर सचिव आशीष शर्मा रियाजउद्दीन सिद्दीकी जुबेर सलमान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जावेद सिद्दीकी संगठन मंत्री प्रमोद प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्याय बदरुल हसन मोहम्मद शमीम और कैंट मैं प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने मुबारकबाद दिया और सभी ने उनकी जीत के लिए घर–घर जाकर प्रचार करने का संकल्प लिया।

## जनपद में मतदान प्रतिशत बढानें हेतु पोस्टकार्ड के माध्यम से नये युवा मतदाता द्वारा किया गया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में मतदान प्रतिशत बढानें के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे है जिसके क्रम में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता/मतदान प्रतिशत बढानें के लिए मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के 3100 दिव्यांग वोटरों को 07 मार्च 2022 के दिन मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए पोस्टकार्ड के माध्यम से नये युवा मतदाता द्वारा जागरूक किया गया।



# कांग्रेस पार्टी ने मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में डॉ0 प्रमोद के0 सिंह पर जताया विश्वास

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जिले की प्रतिष्ठित मानी जाने वाली 368 मुंगराबादशाहपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं जिला महासचिव डॉ0 प्रमोद के0 सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया है । डॉ0 प्रमोद के0 सिंह का जन्म जिले के महराजगंज में हुआ । प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दाखिले के साथ ही छात्र जीवन में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय छात्र संगठन में उतरकर विश्वविद्यालय से राजनीति की शुरुआत किया , संगठन की राजनीति में डॉ0 सिंह बिहार व दिल्ली में यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रह चुके हैं । वर्तमान में शिक्षक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव व जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पद पर कार्यरत हैं । आपकी शिक्षा केरल , तमिलनाडु ,महाराष्ट्र , उत्तर प्रदेश , बंगाल , बिहार व दिल्ली में हुआ । सात भाषाओं के जानकार डॉ0 प्रमोद के0 सिंह को बॉल्स ब्रिज यूनिवर्सिटी , डोमिनिका व इंटरनेशनल पीस यूनिवर्सिटी , जर्मनी द्वारा मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया । डॉ0 सिंह को प्राइड ऑफ इण्डिया अवार्ड , राष्ट्रीय शिक्षा रत्न अवार्ड , भारत ज्योति अवार्ड सहित दर्जनों अवार्ड देश विदेश से प्राप्त हो चुके है । प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में डॉ0 प्रमोद ने प्रणवम् स्कूल आफ चिल्ड्रेन आर्ट्स सुजानगंज व चिल्ड्रन स्कूल ऑफ आर्ट्स , महाराजगंज मे स्कूल की स्थापना किया । देश के 11वे राष्ट्रपति व मिसाइल मैन ऑफ इंडिया डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम जी व कारगिल युद्ध विजेता परम वीर चक्र मेजर योगेन्द्र सिंह यादव जी ने डॉ0 सिंह से प्रभावित होकर जौनपुर के युवाओं को सम्बोधित करने प्रणवम् स्कूल सुजानगंज में आए । करोना काल में अपनी जान की परवाह न करते करते हुए डॉ0 सिंह अपनी पत्नी सिल्जा प्रमोद के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर साबुन , मास्क , सेनिटाइजर का वितरण किया । आक्सीजन की कमी होने पर लोगों को आक्सीजन मुहैया कराया व हास्पिटल पहुँचाया । डॉ0 सिंह द्वारा समय–समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज की सेवा में सतत प्रयत्नशील रहने के कारण के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा डॉ0 प्रमोद के0 सिंह को जिले की 368 मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित किया है । डॉ0 सिंह के मुंगराबादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी लोग उन्हें फोन कर बधाइयां दे रहे हैं।



# थाना सुरेरी पुलिस ने शातिर अभियुक्त को एक नाजायज चाकू के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन मे एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्वेक्षण एवं देखरेख मे थाना सुरेरी पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुरारपुर तिराहा पर अभियुक्त के कब्जे से 1 नाजायज चाकू बरामदगी की गयी, जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0017/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए सम्बन्धित अभियुक्त उमाशंकर सिंह पुत्र राजदेव सिंह निवासी दन्दूपुर थाना कपसेठी जनपद वाराणसी को कारण गिरफ्तारी बता कर दिनांक 09.02.2022 को समय 18.30 बजे मुरारपुर तिराहा से हिरासत पुलिस मे लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. उमाशंकर सिंह पुत्र राजदेव सिंह निवासी दन्दूपुर थाना कपसेठी जनपद वाराणसी। आपराधिक इतिहास 1. मु0अ0सं0 17/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सुरेरी जनपद जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 395/15 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सुरेरी जनपद जौनपुर । 3. मु0अ0सं0 216/15 धारा 302/364/120ठ भादवि थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक नाजायज चाकू गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री राजनारायन चौरिसाय थाना सुरेरी जनपद जौनपुर । 2. उ0नि0 रामलाल थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 अनिल सिंह थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 4. हे0का0 श्रीप्रकाश तिवारी थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 5. हे0का0 शिवजी यादव थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।6. का0 सुधीर यादव थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।



# विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 अधिसूचना जारी : कुल 91 नामांकन पत्र राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों द्वारा क्रय किये गये

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के प्रथम कार्य दिवस में नामांकन पत्र राजनैतिकध्गैर राजनैतिक दलों द्वारा क्रय किए गये। 364–विधानसभा बदलापुर निर्वाचन क्षेत्र से कुल 16 प्रत्याशियों द्वारा 23 नामांकन पत्र क्रय किये गये। 365–शाहगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 07 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये। 366–सदर (जौनपुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 15 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये। 367–मल्हनी से कुल 08 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये। 368–मुंगराबादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 09 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, 369–मछलीशहर से कुल 04, 370–मड़ियाहूं से कुल 10, 371–जफराबाद से कुल 09, 372–केराकत से कुल 06 नामांकन पत्र



विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए नामाकंन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर मेटल डिडेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश होगा तथा कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग, सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध तथा वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है।

# 92 वर्षीय लता मंगेशकर के निधन पर राजगीर मिस्त्री ने फोटो लगाकर दी श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत रत्न से सम्मानित सुर कोकिला देश की गौरव 92 वर्षीय लता मंगेशकर के निधन पर हनुवाडीह गांव के निवासियों ने राजगीर राधेश्याम चौहान कीअध्यक्षता में रामपुर बाजार में लता मंगेशकर का फोटो लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दिया ।और उनकी आवाज के गीत ऐ मेरे वतन के लोगो जरा आँख में भर लो पानी, जो शहीद हुए है उनकी जरा याद करो कुर्बानी । ज्यो ही यह गीत गाया गया वहाँ उपस्थित लोगों के आंखों में आंसू छलक पड़े । श्रद्धांजलि देने वालो में राम प्रसाद चौहान राम आशीष यादव बीडीसी,पप्पू चौहान ,राजू चौहान , ,मनीष चौहान ,विनोद राम ,अजय मौर्य ,,दिनेश चौहान ,कंचन मौर्य ,हिमांशु दूबे आदि लोगो की उपस्थिति रही।

# चुंबक की तरह मनुष्य को खींचती है भागवत कथा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में शुरू हुई संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के दूसरे दिन कथावाचक श्री पुस्कर जी महाराज ने कहा कि भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। संसार में एक–एक पल बहुत कीमती है। जो बीत गया उसे जाने दें। इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। भगवान द्वारा प्रदान किए गए जीवन को भगवान के साथ और भगवान के सत्संग में ही व्यतीत करना चाहिए ।इस संसार में जो भगवान का भजन न कर सके वह सबसे बड़ा भाग्यहीन है। भगवान इस धरती पर बार–बार इसलिए आते हैं ताकि हम कलयुग में उनकी कथाओं का आनंद ले सकें और कथाओं के माध्यम से अपना चित्त शुद्ध कर सकें ।भागवत कथा चुंबक की तरह काम करती है जो मनुष्य के मन को अपनी ओर खींचती है। इसके माध्यम से हमारा मन भगवान से लग जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही जीव का कल्याण हो जाता है। इस मौके पर रंजन मिश्र, सुनील, राजन , मनोज कुमार,आलोक व तमाम श्रोता मौजूद रहे।

# माघ मेला प्रयागराज में पुलिस के सराहनीय कार्य से प्रभावित हुये महाराजगंज निवासी परिवार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) माघ मेला प्रयागराज मीडिया सेल के मुताबिक माघ मेला प्रभारी एसपी डाक्टर राजीव नारायण मिश्र के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम द्वारा प्रयागराज में माघ मेला सकुशल सम्पन्न हो रहा है।जिसकी सराहना उच्चाधिकारियो के साथ साथ दूर दराज से स्नान करने वाले आने वाले श्रद्वालु भी कर रहे है।वही इसी कडी़ में माघ मेला के संगम तट पर अपने परिवार के संग स्नान करने आये रामनारायण शुक्ल पुत्र त्रिलोकी नारायण शुक्ल निवासी फतूमाल टोला, वार्ड नं0—11 आनन्दनगर, थाना फरेन्दा जनपद महाराजगंज के निवासी हैं। दिनांक '09.02.2022' को रामनारायण शुक्ल का सामान व पैसों से भरा बैग त्रिवेणी मार्ग संगम लोवर चौराहा पर कहीं गिर गया। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिला, निराश होकर रामनारायण शुक्ल द्वारा थाना झूँसी में अपना बैग खो जाने की सूचना दी गई।उक्त सूचना मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक रामाश्रय सिंह थाना झूँसी माघ मेला हमराह हे0का0 इरफान अली के साथ गश्त पर निकले थे।अचानक त्रिवेणी मार्ग संगम लोवर चौराहे पर एक लावारिस बैग की सूचना मिलती है। मौके पर पहुँच पर प्रभारी निरीक्षक झूँसी द्वारा बीडीएस सहारनपुर व एस चेक टीम मिर्जापुर को सूचित कर नियमानुसार बैग को चेक किया गया। मौके पर पता चला कि बैग में 10,500 रुपये नगद तथा महिलाओं एवं पुरुषों के कपड़े व एक लेडीज पर्स बरामद हुआ।इस संबन्ध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। उच्चाधिकारियों के दिशा—निर्देश पर सामान व पैसे को थाना झूँसी माघ मेला में सुरक्षित रखवाया गया और 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से 'एनाउंस' कराया गया।उपरोक्त बैग और सामान के स्वामी रामनारायण शुक्ल को 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सूचना मिलती



है कि उनका सामान व पैसा थाना झूँसी में रखा हुआ है, थाना झूँसी में जाकर अपना सामान व पैसा ले लें। लगभग 13:00 दोपहर को रामनारायण शुक्ल अपनी पत्नी व भाभी के साथ थाना झूँसी माघ मेला पहुँचे। बरामद हुए बैग और सामान की पहचान रामनारायण शुक्ल व उनके परिवार के द्वारा कराई गई।पहचान के दौरान उपरोक्त बैग, कपड़े व सामान, पहचान—पत्र के माध्यम से बैग और सामान रामनारायण शुक्ल का ही पाया गया।प्रभारी निरीक्षक झूँसी द्वारा रामनारायण शुक्ल व उनकी पत्नी और भाभी को 10,500 रूपये व सामान सुपुर्द किया गया।वही रामनारायण शुक्ल ने पुलिस की कर्तव्य परायणता से प्रसन्न होकर तारीफों के पुल बाँध दिये। गायब हुआ पैसा व सामान मिल जाने के बाद पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही श्रद्धालुओं/सैलानियों के प्रति ईमानदारी का बोध कराती है। पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण आईपीएस द्वारा पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गई और प्रभारी निरीक्षक झूँसी व उनकी टीम को प्रशस्ति—पत्र प्रदान किया गया।

# नामांकन के बाद रुदौली में साफ हुई चुनावी तस्वीर : हाथी पर सवार हुए अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी की आंतरिक कलह और लंबी खींचतान के बाद अंततः आनंद सेन यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में रुदौली विधानसभा से नामांकन किया उनके सामने भारतीय जनता पार्टी से दो बार विधायक रहे रामचंद्र यादव जहां कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं वही अपनी शालीनता और सौम्यता,सभ्यता के लिए जाने जाने वाले अब्बास अली जैदी रूश्दी मियां नेआखिरी क्षण में बहुजन समाज पार्टी से टिकट लेकर नामांकन दाखिल कर सबको चौंका दिया। राजनीतिक पंडितों ने भी इस पर आश्चर्य व्यक्त किया है। बताते चलें कि रूदौली में सबसे अधिक दलित और मुस्लिम मतदाता ही हैं यदि रुश्दी मियां दलित और मुस्लिम कंबीनेशन के अलावा अपने अन्य पिछड़ा, सामान्य जाती वोटों को अपने साथ जोड़ने में सफल होते हैं तो रुदौली में बसपा का खाता खुलने से इंकार नहीं किया जा सकता है।वही राजनीति के अन्य दोनों धुरंधरों के लिए कड़ी चुनौती पेश हो सकती है वैसे रामचंद्र यादव के सेटिंग विधायक हैं और उनका एक अपना अलग जनाधार है हर जाति वर्ग में उनके समर्थक मौजूद हैं लेकिन यह भी कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि भारतीय जनता पार्टी में ही उनके विरोधियों की भरमार है।ब्लाक प्रमुख सरबजीत सिंह के खेमे द्वारा लगातार उनके विरोध पर की चर्चाएं हैं।इसी तरह की चर्चाएं दूसरे ब्लॉक प्रमुख और पार्टी के अन्य नेताओं की ओर से भी देखने को मिल रही है। भाजपाईयों की नाराजगी और धुरंधरों का ध्रुवीकरण रुश्दी मियां के पक्ष में हुआ तो उनका चुनाव सबसे मजबूत हो जाएगा।अब तक निर्णायक भूमिका में रहे यादव मतदाता इस बार गुटों में बंटे हुए नजर आएंगे क्योंकि मित्र सेन यादव के मानने वाले रुदौली में कम नहीं है और आनंद सेन यादव की भी अपनी रुदौली में जमीन है जहां से लोकसभा चुनाव में उन्होंने अच्छा मत प्राप्त किया था लेकिन लोक सभा चुनाव के बाद रुदौली क्षेत्र में उनका न आना उनको नुक्सान पहुंचा सकता है।वैसे रुदौली के चुनाव में स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा भी गरमा रहा है।अब देखना होगा कि 10 मार्च को नतीजे क्या आते हैं।

# विस चुनाव के पहले चरण में 38 बसें लगाई गईं : अयोध्या डिपों की शेष 80 बसों को उनके रूट पर चलाया जा रहा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपदीय बस डिपों की 38 बसों को चुनाव ड्यूटी में लगाने के बाद यात्री सुविधाओं को लेकर स्टेशन प्रबंधन चिंतित है, वहीं विधानसभा चुनाव में सुरक्षाकर्मियों के आवागमन के लिए परिवहन निगम अयोध्या डिपो की 38 बसों को भेजा गया है। शेष बची 80 बसों को उनके रुट पर सामान्य रूप से चलाया जा रहा है।इसके बावजूद परिवहन निगम की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है।जनपद के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार ने बताया कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। अयोध्या के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार ने बताया कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। जिन मार्गों पर यात्री अधिक है उनको प्राथमिकता। परिवहन निगम अयोध्या के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए परिवहन निगम अयोध्या डिपो की 38 बसों को लगाया गया है शेष बची 80 बसों को यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचाने के लिए लगाई गई है।जिससे यात्रियों को कोई असुविधा न हो। सभी बसों को पूरी तरह से सेनिटाइज किया गया। जिन मार्गो पर यात्री अधिक है उनको प्राथमिकता देते हुए बसें उपलब्ध कराई जा रही है । और बसों के आवागमन को बढ़ा दिया गया है।कोरोना को देखते हुए सभी बसों को पूरी तरह से सेनिटाइज किया जा रहा है।चालक परिचालक को भी आदेश दिया गया है कि यात्रियों को कोरोना की गाइडलाइंस का पालन करते हुए ही यात्रा करें।सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अयोध्या,महेश कुमार के अनुसार हर हाल में यात्रियों की सुविधाओं पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जा रहा है। दूसरी ओर रामादल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित कल्किराम ने सत्यदेवपुरम चौराहे पर यात्रियों की सुविधा के लिए प्रकाश की बेहतर व्यवस्था व सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की मांग की है।

# तेजस की ट्रिप घटाई सुविधाएं बढ़ाई : पर नहीं बढ़ रहे यात्री

लखनऊ ब्यूरो : देश की पहली कॉरपोरेट ट्रेन में यात्री संख्या बढ़ाने की आईआरसीटीसी प्रशासन की सारी कवायदें नाकाम साबित हो रही हैं। यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से इसके फेरे कम कर दिए गए हैं। बावजूद इसके ट्रेन को यात्री नहीं मिल रहे और ढाई सौ से ज्यादा सीटें खाली चल रही हैं। वहीं दूसरी ओर शताब्दी से भी यात्रियों का मोहभंग हो रहा है। हालांकि, रेलवे प्रशासन शताब्दी का किराया घटाने के लिए कैटरिंग चार्ज कम करने पर विचार कर रहा है। तेजस एक्सप्रेस अक्तूबर 2019 में शुरू हुई थी। अब आलम यह है कि यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से ट्रेन के खर्चे निकालना भी भारी पड़ रहा है। तेजस के संचालन के एवज में प्रतिदिन 2,89,000 रुपये विभिन्न मदों में देने होते हैं तथा सालाना करीब 15 करोड़ रुपये कस्टडी चार्ज पड़ता है। खर्चे नहीं निकलने की वजह से तेजस की ट्रिप कम कर दी गईं। पहले जहां यह हफ्ते में छह दिन चलती थी, अब इसकी ट्रिप घटाकर तीन दिन शुक्रवार, शनिवार, रविवार कर दी गई है। फिर भी तेजस को यात्री नसीब नहीं हो रहे हैं। यही वजह है कि तेजस की चेयरकार में 11 से 13 फरवरी तक 255, 210 व 156 सीटें खाली हैं, जिसका किराया 1475 रुपये है। वहीं एग्जीक्यूटिव क्लास में इन तारीखों पर 70, 73 व 89 सीटें रिक्त हैं। इसका किराया 2321 रुपये तक है। कमोवेश वीआईपी ट्रेन शताब्दी एक्सप्रेस का भी हाल कुछ ऐसा ही है। ट्रेन को यात्री नहीं मिलने से रेलवे प्रशासन सकते में है। मंथन के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्रियों की संख्या बढ़ाई जा सके। महंगी कैटरिंग ने घटा दिए यात्री शताब्दी एक्सप्रेस की कैटरिंग महंगी होने की वजह से किराया बढ़ गया, जिसकी वजह से यात्री शताब्दी की जगह दिल्ली रूट की दूसरी ट्रेनों का सहारा ले रहे हैं। लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस (12003) की चेयरकार में गुरुवार से आगे के दिनों में 239, 355, 475 व 414 सीटें रिक्त हैं। इसका किराया 1390 रुपये है, जिसमें 275 रुपये कैटरिंग शामिल है। वहीं एग्जीक्यूटिव क्लास व अनुभूति कोच में भी 15 से 20 तक सीटें खाली हैं। अनुभूति कोच का किराया 2480 रुपये है, जिसमें 385 रुपये कैटरिंग चार्ज है। आलम यह है कि ट्रेन में मिलने वाले आधा लीटर पानी को भी पेड सर्विस में लाने की योजना बनाई जा रही है।ऐसे बढ़ सकते हैं पैसेंजर दैनिक यात्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एसएस उप्पल बताते हैं कि शताब्दी एक्सप्रेस लखनऊ की शान है। उसे यात्रियों की पहली पसंद बनाए रखने के लिए किराया कम होना जरूरी है। मसलन, पहले जहां चेयरकार का टिकट 700 रुपये के अंदर मिल जाता था, वहीं अब यह बढ़कर दोगुना हो गया है। ट्रेन से डायनेमिक फेयर को हटा दिया जाए। साथ ही कैटरिंग को सस्ता कर यात्रियों को आकर्षित किया जा सकता है।

## स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत हर माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्ण जांच की जाती है। जनपद के जिला महिला अस्पताल सहित सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँचें जैसे दृहीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, वजन, ब्लडप्रेशर, अल्ट्रासाउंड एवं अन्य जांच एवं मुफ्त निःशुल्क उपचार की सेवाएँ प्रदान की गईं गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुरक्षित मातृत्व अभियान को विशेष दिवस के रूप में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य इकाईयों तक आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की सभी प्रसव पूर्व जांच कराई गई। उच्च जोखिम वाली महिलाओं की जांच व इलाज एमबीबीएस महिला विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा किया गयाद्य इसके साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिला को कोविड टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया गया । उन्होंने बताया— प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस (पी.एम.एस.एम.ए.) के अन्तर्गत समस्त गर्भवती महिलाओं की द्वितीय/तृतीय तिमाही में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर कम से कम एक बार विशेषज्ञ अथवा एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक की देख—रेख में गर्भवती की प्रसव पूर्व जाँचें की जाती हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. सक्सेना ने बताया कि अभियान के तहत आज जनपद में 2047 से अधिक महिलाओं ने प्रसव पूर्व जाँच करवाई। इस मौके पर महिला रोग विशेषज्ञों की देख रेख में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच कर उनका टीकाकरण भी किया गया द्य विटामिन, आयरन—फॉलिक एसिड व कैल्शियम की दवाएं वितरित कर महिलाओं को प्रसव पूर्व व प्रसव उपरान्त संतुलित और पौष्टिक आहार लेने, साफ—सफाई रखने, समय—समय पर चिकित्सीय परामर्श लेने और संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश पटेल ने बताया कि आयोजित सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के अवसर पर सरकारी के साथ निजी महिला चिकित्सकों के द्वारा भी गर्भवती की एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) की गई। इस दौरान 236 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड, 2047 हीमोग्लोबिन, ब्लड—प्रेशर, ब्लड—ग्रुप,शुगर, वजन, 987 महिलाओं एचआईवी, हेपेटाइटिस—बी व पेट की जाँच की गयी। जाँच के दौरान गंभीर रक्ताल्पता पाई गयी महिलाओं को आयरन—शुक्रोज लगाया गया तथा उन्हें दवा के नियमित सेवन के साथ—साथ विशेष देखभाल रखने और समय—समय पर चिकित्सीय परामर्श लेते रहने की सलाह दी गयी। डीसीपीएम अमित कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को हरी साग—सब्जियों, अंकुरित चना एवं दाल, गुड़ आदि का अधिक से अधिक सेवन करना जरूरी होता है। महिला रोग विशेषज्ञ / एमबीबीएस निजी चिकित्सको के द्वारा अर्बन पीएचसी में आयोजित सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँचें कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

# हादसों को न्योता दे रही पटरी : बड़े—बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है शारदा सहायक नहर की पटरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तहसील अंतर्गत कुमारगंज थाना क्षेत्र के गोकुला व पाराधमथुआ ग्राम पंचायत के मध्य से गुजरी शारदा सहायक डबल नहर की पश्चिमी पटरी भले ही डामर युक्त हो लेकिन मौजूदा समय में मौत की पटरी साबित हो रही है। गोकुला से कुमारगंज प्रधानमंत्री संपर्क मार्ग स्थित शारदा सहायक नहर के पटरियां बड़े—बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। इसी मार्ग से विद्यालय के छात्र—छात्राओं का भी साइकिलों से आना जाना लगा रहता है। दर्जनों विद्यालय की बसें में इसी मार्ग से आती जाती है, गड्ढों के चलते बसों को निकालने में बस चालकों को बड़ी परेशानियां झेलनी पड़ती है। गांव के आदित्य प्रताप शर्मा, मोहम्मद अयूब, जमुना प्रसाद, शिव मगन समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से नहर की पटरी और पर हुए गड्ढों की पढ़ाई नहीं की गई जिसके चलते बरसात में गड्ढे और बड़े बड़े हो गए साइकिल मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहनों को आने जाने में अच्छी खासी परेशानी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों इन गड्ढों को पटवाने के लिए कई बार नहर विभाग के जेई व मेट से भी कहा था लेकिन यह बता कर टाल दिया जाता था कि बजट नहीं है बजट आने के बाद कार्य कराया जाएगा। नहर की पटरी पर हुए गड्ढों की पटाई के संबंध में जब नहर विभाग के एसडीओ राजेश कुमार निगम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर नहर की पटरियों पर हुए गड्ढों को मिट्टी से भरवा दिया जाएगा।

# सपा नेता सहित कई हुए भाजपा में शामिल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : देश के प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जिसे प्रभावित होकर राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत भारतीय जनता पार्टी में पूर्ण निष्ठा व आस्था जताते हुए सपा के पूर्व जिला सचिव अखिल सिंह चंदेल ने सपा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए। तथा कई संगठनों के पदाधिकारी अखिल क्षत्रिय कल्याण परिषद के युवा जिलाध्यक्षअंकित सिंह परमार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड पवन सिंह चंदेल, सनातन संघ मुन्ना सिंह, विद्यार्थी प्रमुख बजरंग दल दीपेन्द्र सिंह, सरहद से समाज तक उदय प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान पकरा विश्वेश्वर सिंह, अजय कुमार सिंह, अजय सिंह गौर, राहुल सिंह फौजी सरहद से समाज तक ध्रुवेंद्र विक्रम सिंह, अनुभव सिंह व सैकड़ों लोगों ने भाजपा में सदस्यता ग्रहण की। सभी ने जिला प्रभारी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष, सदर विधायक व पूर्व मंत्री नितिन अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डु, संदीप सिंह, जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन, भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण कराई। सोनू सिंह, गुड्डु सिंह, धीरज सिंह, अमन सिंह,



मोनू सिंह, अमित सिंह, मोहित शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, सतीश दीक्षित, धर्मेंद्र सिंह परमार, अशोक सिंह, सुधाकर पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख धर्मवीर सिंह पन्ने, सौरभ सिंह, कूलभूषण सिंह, अतुल सिंह, अरुण सिंह, मुदित पांडेय, गजेंद्र सिंह, अंकित सिंह, आयुष सिंह, प्रसंग त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# विश्व दलहन दिवस के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कृषि विज्ञान केंद्र, हरदोई परिसर पर अजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्व दलहन दिवस अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के वैज्ञानिकों ने दलहन की उपयोगिता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ रामप्रकाश ने दलहनी फसलों की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी । साथ ही साथ इसके परिणामी लाभ के बारे में भी बताया। डी बी सिंह ने दलहनी फसलों द्वारा भूमि की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने के बारे में जानकारी दी। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार मिश्र ने जायद में पाई जाने वाली प्रमुख दलहनी फसलों उर्द भाव मूंग के बारे में विस्तृत जानकारी दें। वैज्ञानिक डॉ पृथ्वी पाल ने बताया की दालों को भोजन का एक प्रमुख अंग बनाएं क्योंकि यह हमें प्रोटीन प्रदान करता है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ मुकेश सिंह ने बताया कि किसान भाई दलहनी



फसलों को छोटे से ही हिस्से में सही उत्पादित कर उपभोग में लाएं तथा अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं। वैज्ञानिक डॉ प्रिया वशिष्ट ने दालों के मूल्य संवर्धन के बारे में विस्तार से किसानों को बताया ।कार्यक्रम का संचालन डॉ पृथ्वी पाल एवं तथा धन्यवाद प्रस्ताव डॉ दीपक कुमार मिश्र के ने दिया इस अवसर पर लगभग एक सैकड़ा कृषकों ने जो की विकास खण्ड बावन, तड़ियावां तथा हरियावां के थे ने प्रतिभाग किया।

# कांस्य पदक विजेता का हुआ भब्य स्वागत समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर कबिरुद्दीनपुर गांव स्थित एस.डी. पब्लिक स्कूल के छात्र ताइक्वांडो खिलाडी अनुराग यादव का माला पहना कर स्वागत किया गया। इंडो नेपाल अन्तरास्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता अनुराग यादव पुत्र रामजीत यादव कबिरुद्दीनपुर धर्मापुर निवासी है जो एस डी पब्लिक स्कूल कबिरुद्दीनपुर में कछा 9 का छात्र है उक्त खिलाड़ी अपने स्कूल पहुचने पर स्कूल के प्रबंधक संतोष यादव ने अनुराग व उनके कोच संजय पाल को माल्यार्पण कर शॉल पहनाकर मिठाई



खिलाकर जोरदार स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की कामना किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी ने किया लालबाग मोहल्ले में जनसंपर्क

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने नगर के लालबाग मोहल्ले में जनसम्पर्क व पूरा क्षेत्र के भगवाभीट तथा नारे में चौपाल के दौरान कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को प्रदान किया गया है। गरीबों को निःशुल्क आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया। इलाज पर गरीबों का काफी पैसा खर्च होता था। जिससे उनकी दिक्कतें काफी बढ़ जाती थी। इसको दूर करने के लिए सरकार आयुष्मान भारत योजना लेकर आयी। समाज के हर वर्ग के लिए सरकार ने कार्य किया है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर में लगे मधुमक्खी के छत्ते से आग जलाकर मधु निकालना युवक को पड़ा भारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूचनानुसार संत रामू चौहान पुत्र राम अवध चंदीपुर नगहरा थाना इनायत नगर अयोध्या के घर में मधुमक्खियों का छत्ता लगा था शहद की लालच में रामू के घर का ही लड़का आग सहारे मधुमक्खियों को हटा कर शहद निकालना चाहता था। किंतु परिणाम विपरीत हो गए और घर में आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे शाहगंज चौकी प्रभारी जय किशोर अवस्थी हमराही आरक्षी रवि चौधरी व आलोक कुमार ने सूझबूझ से काम लेते हुए पास में लगे ट्यूब्बेल को चालू करवा दिया जिससे आग पर तत्काल काबू पाया गया जबकि रामू के घर में तमाम लकड़ी कंडे भी रखे थे किन्तु किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। यहां भी पुलिस की सक्रियता व हमदर्दी देखने को मिली लेकिन फिर भी पुलिस को कोसने वाले आदत से बाज नहीं आएंगे।

## चुनाव पर्यवेक्षक ने दल—बल के साथ अतिसंवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव पर्यवेक्षक कृपानंद त्रिपाठी ने बुधवार को सीओ सदर एस पी गौतम,एसएच ओ महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह व पुलिस बल के साथ अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। पर्यवेक्षक ने मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमों का कड़ाई से पालन होना चाहिए।बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार में मतदान स्थल के निरीक्षण से संतुष्ट दिखे। पर्यवेक्षक कृपानंद त्रिपाठी ने कहाकि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान हो इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। चुनाव पर्यवेक्षक ने बच्चू लाल इंटर कॉलेज के साथ साथ देवगढ़ ऐमी आलापुर मूडाडीहा राजेपुर व सरायराशी मतदान स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए चुनाव पर्यवेक्षक ने एसएचओ महाराजगंज से क्षेत्र में लाइसेंसी असलहो की सूची लिया तथा कितने असलहा जमा हुए इसकी भी सूची लिया और निर्देश दिया कि सभी असलहे जमा होने चाहिए।

# विपिन शर्मा नें अपने समर्थकों के साथ ग्रहण किये भाजपा की सदस्यता

आर एल पाण्डेय लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी जिला लखनऊ के सचिव कैंट प्रभारी — विपिन शर्मा अपने समर्थकों के साथ योगी—मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर कैन्ट के भाजपा प्रत्याशी बृजेश पाठक के





आवास पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों मे प्रमुख रूप से सुशील शर्मा अधिवक्ता पूर्व वरिष्ठ कार्य कारिणी सदस्य सेण्ट्रल बार एसोसिएशन योगेश शर्मा, पवन शर्मा, सुनील त्रिपाठी, सत्य प्रकाश जी. विनोद शर्मा, विनीत तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, विकास शुक्ला, तुषार कान्त शर्मा जी, जितेन्द्र कुमार सहित दर्जनो समर्थक मौजूद रहे। विश्राम शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय बढ़ई महासभा (भारत) प्रमुख रूप से शामिल हुए।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय— हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता—ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक— श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0—7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या — 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार—पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।